नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **8**

V-101

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा-IX) परीक्षा, 2017

लेवल – प्रथम वर्ष

विषय – ऑटोमोबाइल

समय : 2 घण्टे **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द-सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के दो पृष्ठ तक उत्तर लिखें ।

खण्ड – (अ)

I. सही विकल्प चुनें :

1. पहिया एक महत्त्वपूर्ण आविष्कार है, इसका आकार होता है (½)

(अ) पंचभुजाकार (ब) वृत्ताकार

(स) त्रिभुजाकार (द) वर्गाकार

2. निम्न में से कौन सी भारतीय ऑटोमोबाइल कम्पनी नहीं है ? (½)

(अ) हिन्दुस्तान मोटर्स (ब) प्रीमियर ऑटोमोबाइल

(स) टाटा मोटर्स (द) टोयोटा

3. दुनिया के लम्बी दूरी तक ऑटोमोबाइल चलाने वाले प्रथम वाहन चालक का नाम है (½)

(अ) कार्ल बैंज (ब) ड्रैमलर

(स) बर्था बैंज (द) विलहेम मेबैक

4. कौन सा वाहन वाणिज्यिक वाहन की श्रेणी में नहीं आता है ? (½)

(अ) ट्रक (ब) बस

(स) डिलीवरी वैन (द) स्कूटर

5. डीजल इंजन के सिलेन्डर में कम्प्रेशन के बाद कितने डिग्री फारेनहाइट तापमान होता है ? (½)

(अ) 100 (ब) 300

(स) 600 (द) 1000 या इससे अधिक

6. इनलेट व एक्जॉस्ट वाल्व होते हैं (½)

(अ) सिलेन्डर हैड में (ब) केम शाफ्ट में

(स) कनेक्टिंग रॉड में (द) एक्जॉस्ट मैनीफोल्ड में

7. डीजल वाहनों के लिये पहले चरण के उत्सर्जन मानक किस वर्ष जारी किये गये ? (½)

(अ) 1991 (ब) 1992

(स) 1993 (द) 1994

8. वर्ष 2000 में यात्रि कारों और वाणिज्यिक वाहनों को किस यूरो के समकक्ष रखा गया ? (½)

(अ) यूरो – 1 (ब) यूरो – 2

(स) यूरो – 3 (द) यूरो – 4

9. मानक जॉब कार्ड में क्या विवरण भरना चाहिये ? (½)

(अ) ग्राहक का नाम व पता (ब) सर्विस सेंटर का नाम

(स) वाहन के रजिस्ट्रेशन नम्बर (द) उपरोक्त सभी

10. साब एल्को की (Saab Alco key) किस प्रकार की दुर्घटनाओं को कम करने की युक्ति है ? (½)

(अ) ऐल्कोहॉल (शराब) के कारण (ब) ज्यादा स्पीड के कारण

(स) ब्रेक फेल होने से (द) सड़क खराब होने से

खण्ड – (ब)

II. एक शब्द/पंक्ति में उत्तर दीजिये ।

11. पहिये का आविष्कार लगभग 3500 ई.पूर्व ________ में किया गया । (½)

12. भाप के इंजन में बाहरी दहन की जरूरत होती है जबकि पेट्रोल इंजन (आंतरिक दहन इंजन) में ________ दहन की जरूरत होती है । (½)

13. कम्बाइन हर्वेस्टर का उपयोग फसलों की ________ खलिहान में ले जाने और ________ का होता है । (½)

14. कूलिंग सिस्टम में ________ जैकेट का तापमान 71 °C से 85 °C बनाये रखता है । (½)

15. मोटर को स्टार्ट करने के लिये ________ से करंट दिया जाता है । (½)

16. पहिये की बाहरी सतह को ________ कहते हैं । (½)

17. सूखा घर्षण बहुत अधिक ________ उत्पन्न करता है । (½)

18. इनलेट व एक्जॉस्ट वाल्वों को________ऑपरेट करती है । (½)

19. ________ इंजन का दिल (Heart) होता है। (½)

20. डीजल इंजन में ईंधन कम्प्रेशन की गर्मी से इग्नाइट होता है अत: इसे ________ इंजन भी कहते हैं। (½)

21. सिलेन्डर में उच्च दाब की गैसों के रिसाव को रोकने के लिये पिस्टन पर दो या दो से अधिक रिंगों का प्रयोग किया जाता है, ऊपरी पिस्टन रिंग को ________ कहते हैं। (½)

22. इंजन की पावर (शक्ति) को गियर बॉक्स से कनेक्ट या डिस्कनेक्ट करने वाली युक्ति (साधन) को क्या कहते हैं ? (½)

23. रेडियेटर की कूलिंग हेतु पंखे के बेल्ट में उचित ________ की जाँच की जाती है। (½)

24. सर्विस स्टेशन पर वाहन की खराबियाँ जिसमें नोट की जाती हैं उसे ________ कहते हैं। (½)

25. टायरों में उचित ________ बनाए रखें। (½)

26. दरवाजे और ________ की सीलें सुरक्षित रखनी चाहिये। (½)

27. रेडियेटर के ________ को सील करना चाहिये। (½)

28. यातायात सिग्नल लाइट में लाल रंग, पीले रंग व ________ रंग की लाइटें होती हैं। (½)

29. ऑटोमोबाइल्स इमीशन में रंगहीन, गंधहीन, स्वादहीन जहरीली गैस का नाम बतायें जो बंद वर्कशॉप में मौत का कारण बन सकती है । **(½)**

30. _________ ऐसा वाहन जिसमें दो या दो से अधिक विशिष्ट ऊर्जा स्त्रोत का उपयोग करते हुए चलाया जाता है । **(½)**

खण्ड – (स)

III. दो से चार पंक्तियों में उत्तर दीजिये ।

31. अर्थ मूविंग या निर्माण कार्यों में प्रयुक्त वाहनों/मशीनरियों के नाम लिखें । रोड़ रोलर का उपयोग लिखें । **(1½)**

32. ऑटोमोबाइल वाहनों में पहियों का कार्य बतायें । **(1½)**

33. चालक को किन परिस्थितियों में वाहन नहीं चलाना चाहिये ? **(1½)**

34. ऑटोमोबाइल वाहनों से वायु–प्रदूषण की रोकथाम के उपाय बतायें । **(1½)**

35. लम्बी दूरी पर वाहन चलाने से पूर्व वाहन की कौन–कौन सी नियमित जाँच करनी चाहिये ? **(1½)**

36. ऑटोमोबाइल वाहनों में बिजली की कार/रिक्शे का महत्त्व बताइए । **(1½)**

खण्ड – (द)

IV. दो पृष्ठों में उत्तर दीजिये ।

37. सस्पेंशन सिस्टम से क्या समझते हैं ? इसके कार्य एवं सस्पेंशन सिस्टम के विभिन्न प्रकार (हिस्से) बतायें । **(3)**

अथवा

ब्रेक से क्या समझते हैं ? इसके विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें ।

38. सड़क पर सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है । सड़क सुरक्षा में सहायक सभी क्षेत्रों की भूमिका का वर्णन करें । **(3)**

DO NOT WRITE ANYTHING HERE